हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

06 सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों...



07 रेलवे के अचानक ब्लास्ट से हेडगेवार...





## खबर संक्षेप

### विद्यार्थी अब 2 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**सीहोर।** अनुसूचित जाति विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति योजनांतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 2 सितंबर 2025 कर दी गई है। योजना में स्नातकोत्तर और शोध उपाधि (पीएच.डी.) के लिए इंजीनियरिंग, प्योर साइंस, एप्लाइड साइंस, एग्रीकल्चर साइंस, मेडिकल, मैनेजमेंट, इंटरनेशनल कॉमर्स, एकाउंटिंग फाइनांस, फॉरेस्ट्री, नेचुरल साइंस, विधि और मानविकी जैसे विषयों में छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। पीएच.डी. के लिए आवेदक को स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी या 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### घायल व्यक्ति की जान बचाने पर मिलेगा 5 हजार का पुरस्कार

**सीहोर।** भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटना होने पर घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए गुड सेमीरिटन नेक व्यक्ति योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना मे घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वार पूछताछ नहीं की जायेगी, जान बचने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रूपये का पुरूस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता मे गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जायेगा।

### विरोध प्रदर्शन: कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट में कटोरा लेकर खाद के लिए मांगी भीख, सौंपा ज्ञापन

# किसानों को शीघ्र डीएपी व यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में कराया जाए उपलब्ध : राजीव गुजराती

गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां 27 प्रतिशत आरक्षण, फसल बीमा राशि का भुगतान और खाद की समस्या से प्रशासन को अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं जिला कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर गगन भेदी नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जहाँ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। श्री गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि दिनांक 08 मार्च 2019 को राज्य सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया था।इसी के अन्तर्गत एक छात्रा द्वारा न्यायालय में चुनौती दी गई। परिणामस्वरूप उच्च न्यायालय द्वारा केवल सीमित अंतरिम आदेश दिया गया। दिनांक 14 अगस्त 2019 को विधानसभा में पारित संशोधन अधिनियम,अधिसूचित किया गया। आज तक इस अधिनियम पर न तो उच्च न्यायालय और न ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कोई स्थगन आदेश भी पारित नही किया गया है। अतः यह कानून राज्य में शिक्षा एवं रोजगार दोनों क्षेत्रों में अभी भी प्रभावी है। इसी संदर्भ में वर्तमान में लगभग 70 याचिकाएँ सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं। इनमें से अधिकांश याचिकाएँ ओबीसी वर्ग द्वारा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दायर की गई हैं। परन्तु राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना स्वयं कानून के विपरीत है, जिससे विवाद की स्थिति बनी हुई है। मांग की गई है कि राज्य सरकार तत्काल उक्त अधिसूचना को वापस ले। यदि ऐसा किया जाता है, तो 90 प्रतिशत समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी और ओबीसी वर्ग को उसका विधिसम्मत लाभ मिल सकेगा।

**सीहोर जिले के किसानों की ज्वलंतशील समस्यओं का त्वरित हो निराकरण** :खाद वितरण केन्द्रों पर नही मिल रहा है किसानों को खाद : सीहोर जिले के किसानों की ज्वलंतशील समस्याओं का त्वरित निराकरण कराये जाने के सम्बंध में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गई है कि पिछले दिनों सीहोर जिले के कई किसानों को जो बीमा राशि मिली है, वह हास्याप्रद है चुकि किसी को तो मात्र 100 रुपये और किसी को 200 रुपये या कुछ क्षेत्र में तो बीमा राशि आई ही नहीं है। यह सरकार द्वारा किसानों के साथ मजाक तो है ही साथ ही उपरोक्त बीमा राशि ऊँट के मूंह जीरे के सामान है। उक्त बीमा राशि का पुनरीक्षण कर सम्मान से पूरी राशि का भुगतान किया जाए। जिले भर के किसान डीएपी व यूरिया खाद की समस्या से जूझ रहे हैं। भरी बरसात में दिन-दिन भर किसान खाद वितरण केंद्र पर खड़े रहते है लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। जिसके कारण किसान परेशान व निराश होकर बिना खाद लिये ही घर को वापस लोट रहे हैं। वितरण केन्द्र पर खाद के अभाव में किसानों को कर्ज लेकर कालाबाजारी में खाद खरीदने को विवश होना पड़ रहा है, जिसके कारण किसानों को उनकी फसल की लागत भी नही निकल पायेगी।

सीहोर जिले के कई क्षेत्रों में अल्पवर्षा व कहीं पर अतिवृष्टि के कारण खराब हुई फसलों का त्वरित सर्वे कराकर किसानों को क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराई जावे।

मांग की गई है कि किसान भाईयों की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिकता के साथ बीमा राशि का पुनरीक्षण कर सम्मान से पूरी राशि का भुगतान किया जाए, पर्याप्त मात्रा में डीएपी व यूरिया खाद उपलब्धता की त्वरित व्यवस्था की जावे, साथ ही असमान्य वर्षा के कारण हुई खराब फसलों का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति की जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी श्रीमती जयश्री हरिकिरण, सह प्रभारी दिनेश मेंघानी, प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र पटेल, पूर्व अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान, सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी हरपाल ठाकुर, विक्रम मस्ताल, गणेश तिवारी, ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, ओम बाबा राठौर, राजेश भूरा यादव, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, गुलाब बाई ठाकुर, नरेन्द्र खंगराले, राकेश वर्मा, घनश्याम यादव, बलवान पटेल, घनश्याम मीणा, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, रघुवीर सिंह दांगी, संतोष सिंह बैस, कमलेश चाण्डक, हसीन कुरेशी, नवीन सौलंकी, जितेन्द्र सोभाखेड़ी, मनोज पटेल, अरविन्द सिंह ठाकुर, प्रेमनारायण गुप्ता, देवीसिंह थरोल, जाहिद खान, अशोक भाटी, संतोष शर्मा, रामनारायण शर्मा, देवीसिंह तंवर, महेश मुंदीखेड़ी, आत्मारा परमार, घनश्याम जांगड़ा, अजय पटेल, मुस्तफा अंजुम, मंगल सिंह ठाकुर, मुकेश ठाकुर, तारा यादव, प्रेमनारायण परमार, संतोष शर्मा, मलखान चन्द्रवंशी, मीरा रायकवार, मनीष मेवाड़ा, तनिष्क त्यागी, यश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय में निर्माण उद्योग विकास परिषद ने लगाया रोजगार मेला




**सीहोर।** देश की प्रगति एवं औद्योगिक उन्नति में सदैव तत्पर रहने वाली अग्रणी संस्था श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्याल सीहोर के प्रांगण में निर्माण उद्योग विकास परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, इस अवसर पर देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे टाटा प्रोजेक्ट, हाक्सवेल , कल्पतरू, ए.डी.सी. स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट,शिव शक्ति प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि ने युवा बेरोजगारों को उनकी गुणवत्ता के आधार रोजगार और कोशल के समान अवसर देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस सुनियोजित आयोजन में डॉ. गौतम टेटवाल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) म.प्र. शासन द्वारा रोजगार मेले तथा इंडस्ट्रीयल पार्क का उदघाटन किया गया । इस शुभ अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे प्रधान मंत्री एवं मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से एक ऐसा विभाग की जिम्मेदारी मिली है जिससे उनके सपनों को साकार करने क पूर्ण कोशिश करूंगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी को अनेकों शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कि आज देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटने में सरकार अनेकों योजनाओं से युवा वर्ग को आर्थिक सहायता एवं रोजगार प्रदान करने के प्रयासों के प्रति सक्षम है और आज इस मेले में आन लाईन 1400 रजिस्ट्रेशन हुए है। इन में से आज प्रथम दिन 96 को चयनित किया गया । यह हमारे लिये बड़ी गोरव की बात है ।

आज मंत्री जी ने विश्वविद्याल में पधारकर तथा इसे मूर्तरूप देकर युवाओं के रोजगार तथा सुनिश्चित आर्थिक विकास हेतु देश हित में एक सकारात्मक कदम में उठाया है। इस अवसर पर इस मेले की शोभा बढ़ाने के लिए विश्वविद्याल के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर ने कहा कि इस स्टेट के मंत्री डॉ. टेटवाल का आना हमारे लिए इसलिए शुभ है क्योकि इस बार इस सरकार ने इस ग्रुप पर जितना आशीर्वाद दिया है वो अदभुत संयोग है। हमारे विश्वविद्यालय का उद्देश्य देश की प्रगति और भावी युवा पीढ़ी को आर्थिक उन्नति है और इसके लिए हम उन्हें उच्च शिक्षा एवं संपूर्ण विश्व में रोजगार उपलब्ध करने को प्रतिबद्ध है । सभा को संबोधित करते हुए तथा इस आयोजन को सार्थकता प्रदान करने हेतु (सी.आई.डी.सी.)के डायरेक्टर जनरल डॉ. प्रियरंजन स्वरूप द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि वे विश्वविद्यालय को सदैव अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इस आयोजन में डॉ .साधना कपूर कुलाधिपति आर .के .डी. एफ.ग्रुप भोपाल ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया। रूचि कपूर (एम.डी., स.एस.एस.यू.टी.एम.एस.) की गरिमामय उपस्थिति रही।

विश्वविद्याल के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी ने कहा कि इस रोजगार मेले का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता रहेगा। हमारे विश्वविद्यालय से हर वर्ष 2500 से ज्यादा छात्र छात्राएं पास आउट होते है, इसलिए बड़े स्तर पर हमारे छात्र छात्राओं को प्लेसमेंट की आवश्यकता होती है। हमारे विश्वविद्यालय से निकलने वाले स्टूडेंट्स को भी मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा बड़े पैकेज पर रिक्रूट किया जाना संभव है, उन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से कराने एवं विश्वविद्यालय के सभी कर्मठ रोजगार समन्वयक दल को इस विशाल मेले को सफल बनाने हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

### कुबेरेश्वरधाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीकः मंत्री गौतम टेटवाल

**सीहोर।** देश और प्रदेश के मध्य कुबेरेश्वरधाम हमारे लिए आस्था का केन्द्र है, यहां पर होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव, भव्य कांवड यात्रा, गुरु पूर्णिमा का पर्व के साथ कंकर-कंकर में शंकर की पूजा अर्चना की जाती है। उक्त विचार जिला मुख्यालय पर पहुंचे मध्यप्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने कहे। इस मौके पर गुरुवार को प्रशासन और अपने स्टाफ के साथ पहुंचे मंत्री श्री टेटवाल ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद ग्रहण किया। गुरुवार को पहुंचे मंत्री श्री टेटवाल का विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया और उन्होंने धाम की गतिविधियों का जायजा लिया। धाम पर आधुनिक भोजनशाला से हर रोज 25 हजार लोगों के लिए भोजन प्रसादी की निशुल्क व्यवस्था के साथ पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है। समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि यहां पर नियमित रूप से 10 से 20 हजार से अधिक श्रद्धालु को भोजन निशुल्क व्यवस्था की जाती है, इसके अलावा शिव महापुराण, महोत्सव के दौरान पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी बनाने की व्यवस्था की जाती है।

## महिलाओं को शराबी बताने पर जीतू पटवारी का पुतला फूंका

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहाः माफी मांगें पीसीसी चीफ जीतू पटवारी



**सीहोर।** देश और प्रदेश में भाजपा सरकारों के द्वारा तेजी से विकास कार्य किए जा रहे है। इसके अलावा देश के प्रधानीमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किए जा रहे है। वहीं दूसरी और महिलाओं के सबसे बड़े पर्व हरतालिका तीज के मौके पर कांग्रेस के द्वारा महिलाओं का अपमान किया जा रहा है। इसको लेकर गुरुवार को भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं को शराबी बताने के विरोध में पुतला दहन किया। कोतवाली चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

हरतालिका तीज के पावन अवसर पर पटवारी का महिलाओं को शराब से जोड़ना अपमानजनक है। भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने पटवारी के बयान को शर्मनाक बताया। पटवारी माफी नहीं मांगते, प्रदेश की महिलाएं उन्हें माफ नहीं करेंगी। विरोध प्रदर्शन में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और महिला मोर्चा की कार्यकर्ता शामिल हुए। नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ नेता कमलेश कटारे, गोपाल सोनी, वरिष्ठ नेता कन्हैया लाल मालवीय, मोहन चौरसिया जी,अशोक सिसोदिया, मांगीलाल सोलंकी, प्रमोद त्यागी, जिला मंत्री नूतन राठौड़, जिला मंत्री सरोज राठौर, प्रेमलता राठौर, हरीश कौशल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा परिहार, प्रीति सोनी, हर्ष राठौड़, डॉ गगन नामदेव, आशीष पचौरी, पार्षद कमलेश राठौर, नरेंद्र राजपूत, अमित निखरा, राजेश परिहार, जितेंद्र यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील राय, विजय यादव, अनिल परमार, प्रणय शर्मा, हर्ष ताम्रकार, राहुल विजयवर्गीय, समीर नानू सेन, बंटी भाई, अरविंद जाट,दीपक बड़ोदिया एवं सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हितग्राहियों की योजनाओं की राशि यूं ही गायब, ग्रामीणों में आक्रोश

# एसबीआई कियोस्क का बड़ा फर्जीवाड़ा, आवास और पेंशन की राशि हड़पी, थाने पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के श्यामपुर में भारतीय स्टेट बैंक के कियोस्क सेंटर का घोटाला उजागर हुआ है। श्यामपुर निवासी सजीदा बी पत्नी शिब्बू अली ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनके खाते में जमा प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त ₹25,000 और हर माह आने वाली पेंशन की राशि को कियोस्क संचालक ने फर्जी तरीके से निकाल लिया। सजीदा बी के अनुसार, 14 जुलाई को उनके एसबीआई खाते में योजना की राशि जमा हुई थी। जब वह कियोस्क सेंटर से पैसे निकालने गईं, तो संचालक लगातार करीब एक माह तक उन्हें टालता रहा और कहता रहा कि राशि अभी नहीं आई। आखिरकार उन्होंने बैंक से स्टेटमेंट निकलवाया तो सारा खेल सामने आया।

**मोबाइल नंबर से किया गया फर्जी लेन-देन** : बैंक स्टेटमेंट से खुलासा हुआ कि मोबाइल नंबर 9893104513 का उपयोग कर यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से धीरे-धीरे पूरी राशि



निकाल ली गई। यह रकम पेंशन और योजना की किस्त दोनों को शामिल करती है। पीड़िता ने पुलिस को स्टेटमेंट भी सौंपा है। पीड़िता सजीदा बी ने साफ तौर पर आरोप लगाया कि कियोस्क सेंटर संचालक कल्याण नामक व्यक्ति ने ही उनके साथ धोखाधड़ी की है। उनके मुताबिक कल्याण ने जानबूझकर रकम निकाली और उन्हें गुमराह करता रहा।

**कई पेंशनधारियों के साथ गड़बड़ी** : सूत्रों के अनुसार यह धोखाधड़ी सिर्फ एक महिला के साथ नहीं, बल्कि कई पेंशनधारियों के साथ हुई है। संचालक उन्हें भी बार-बार पैसे न आने की बात कहकर टालता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग पिछले महीनों से चक्कर काट रहे हैं।

#### सरपंच ने जताया आश्चर्य

श्यामपुर के सरपंच नवीन चौहान ने इस घटना पर हैरानी जताई और कहा कि सरकार ग्रामीणों को आवास योजना का लाभ दिला रही है, लेकिन बीच में ही फर्जीवाड़ा कर राशि हड़प ली जा रही है। उन्होंने पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है।

#### ग्रामीणों में आक्रोश

इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सरकारी योजनाओं की राशि तक सुरक्षित नहीं है, तो गरीब और बुजुर्गों को न्याय कैसे मिलेगा। अब सबकी नजरें पुलिस की जांच पर टिकी हुई हैं।

**पुलिस ने की जांच शुरू** : श्यामपुर थाना प्रभारी संध्या मिश्रा ने बताया कि पीड़िता का आवेदन पुलिस को प्राप्त हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब मोबाइल नंबर और कियोस्क संचालक की भूमिका खंगाल रही है।

## पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा सीहोर के सिद्धि विनायक मंदिर पहुंचे

### बिना पूर्व कार्यक्रम अचानक पहुंचे, श्रद्धालुओं ने साथ में तस्वीरें खिंचवाई



**सीहोर।** मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा गुरुवार को अचानक सीहोर पहुंचे। उन्होंने नगर के प्राचीन सिद्धि विनायक श्री गणेश मंदिर में विधिविधान से पूजा-अर्चना की। गणेश उत्सव के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। इसी बीच दोपहर 1 बजे नरोत्तम मिश्रा मंदिर पहुंचे। मंदिर प्रशासन और स्थानीय लोगों के लिए यह दौरा अप्रत्याशित रहा, क्योंकि मिश्रा का यह दौरा पूर्व निर्धारित नहीं था।

मंदिर पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले परिक्रमा की और फिर गर्भगृह में प्रवेश कर श्री गणेश के दर्शन किए। पुजारियों ने मंत्रोच्चार के बीच उन्हें पूजा करवाई। मंदिर प्रांगण में कुछ समय व्यतीत किया और श्रद्धालुओं से भी बातचीत की। बताया जा रहा है कि वो निजी कार्यक्रम पर निकले थे और आस्था के चलते सीहोर स्थित इस प्राचीन मंदिर में दर्शन का निर्णय लिया।

**भीड़भाड़ के बावजूद सुरक्षा में रही सतर्कता** : गणेश उत्सव के चलते मंदिर परिसर में काफी भीड़ रही, लेकिन नरोत्तम मिश्रा के आगमन को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखी गई। पूर्व मंत्री को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। कई लोगों ने उनके साथ फोटो खिंचवाई और गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय स्कूल में ऑनलाइन पंजीयन 23 सितम्बर तक

**सीहोर।** जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में सत्र 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए है। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी जिसका आवेदन नवोदया विद्यालय समिति की बेवसाईट www navodaya.gov.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से किए जा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है। कक्षा 9वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 1 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 1 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए।

### प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव ने लिए सुझाव



**सीहोर।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव अक्षय कुमार सिंह ने श्यामपुर तहसील में बैठक ली। इस बैठक में एसडीएम तन्मय वर्मा तहसीलदार श्याम चन्देले तथा तहसील मे पदस्थ आरआई, पटवारी, पंचायत सचिव, लिपिक, कोटवार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में सचिव श्री सिंह ने प्रशासनिक सुधारों के संबंध मे चर्चा करते हुए सभी से सुझाव लिये।

### सुख समृद्धि व जल वृष्टि के लिए निरंतर जारी है हवन यज्ञ

**सीहोर।** आर्य समाज छावनी शहर सीहोर एवं लोक जनकल्याण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 14 अगस्त 2025 से श्याम होम्यो क्लीनिक कोतवाली चौराहे के ऊपर वैदिक मंत्रों एवं हिमालय की शुद्ध जड़ी बुटियों से बनी हवन सामग्री से यज्ञ हवन किया जा रहा है। ईश्वर की कृपा से जिस दिन से यज्ञ हवन प्रारंभ किया गया उसी दिन से जल वृष्टि हो रही है। आर्य समाज अध्यक्ष कमलेश आर्य ने कहा कि सच्चे मन, सच्चे हृदय से प्राणी मात्र के लिये वैदिक मंत्रों से यज्ञ हवन किये जायें तो ईश्वर मनोकामना पूर्ण करता है।
यज्ञ का समापन दिनांक 5 सितम्बर 2025 को कोतवाली चौराहे पर किया जायेगा। समापन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भक्तजनों व मातृशक्ति से यज्ञ में आहूति देने का आग्रह किया है।

### 29 अगस्त तक होंगे ऑनलाइन पंजीयन

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठयक्रम संचालित करने वाले शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए तृतीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, एनसीटीई पाठयक्रमों में प्रवेश में लिए विद्यार्थी 27 से 29 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 27 से 30 अगस्त तक होगा। प्रवेश के लिये मेरिट सूची का प्रकाशन 1 सितंबर को होगा।

## 150 से अधिक लोगों को अवैध कब्जा हटाने के नोटिस दिए

# सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों को नपं ने जारी किए नोटिस

स्टैट हाइवे पर थाना से मंडी तक , तहसील, जनपद सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों के सामने, बस स्टैंड परिसर , कोलीपुरा, खुरपीपूरा से मसान घाट सहित मुख्य बाजार में भी अतिक्रमण है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नपं जल्दी ही कब्जा हटाने की कार्रवाई करेंगी। नगर में अतिक्रमण मुहिम के चलते नपं ने 150 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए हैं। नपं अमले द्वारा अतिक्रमणकारियों से अपील की जा रही है कि वे स्वयं ही अवैध कब्जा हटा लें। अन्यथा नपं द्वारा कब्जा हटाने की कार्रवाई करेंगी, जिसका संपूर्ण व्यय संबंधित अतिक्रमणकारी से वसूल किया जाएगा। फिलहाल नगर परिषद और राजस्व अमला नगर में भ्रमण कर नाले - नालियों सहित शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनसे कब्जा हटाने के लिए कह रहा है। तय समय के बाद नपं और राजस्व अमले द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाकर सख्ती से कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी।उन लोगों के लिए बुरी खबर है जो शहर में नगर परिषद की सीमा में किसी भी तरीके से अतिक्रमण किए हैं। वह अतिक्रमण चाहे बाजार में दुकान के आगे फुटपाथ पर दुकान का सामान रख कर किया हुआ हो या फिर किसी भी तरह का अवैध निर्माण किया हो।

उस अतिक्रमण करने वाले शख्स के खिलाफ नप प्रशासन ने अब सख्त कार्रवाई करने का निर्णय ले लिया है। नगर में थाना जोड़ से कृषि उपज मंडी तक हाइवे के किनारे एवं नालियों पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर दुकान लगाने के खिलाफ नगर परिषद के द्वारा गुरुवार को 150 अतिक्रमणकारियों को नप कर्मियो के द्वारा नोटिश पहुंचाया गया।

नपं सीएमओ धर्मराज यादव ने कहा कि नगर के बीच से गुजरने वाले स्टैट हाइवे जोकि अति व्यस्तम रहने के बावजूद उस सड़क पर लोगों ने अतिक्रमण कर अवैध तरीके से गुमटियां रखकर व दुकान बना ली है । इसके अलावा नगर में नपं व राजस्व की जमीनों पर अतिक्रमण है , उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। 150 अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा गया है।

स्टैट हाइवे पर थाना से मंडी तक , तहसील, जनपद सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों के सामने, बस स्टैंड परिसर , कोलीपुरा, खुरपीपूरा से मसान घाट सहित मुख्य बाजार में भी अतिक्रमण है।



**इछावर।** स्टेट हाईवे पर नगर के सरकारी कॉलेज के पास इस तरह गुमटियां रखकर अतिक्रमण कर लिया गया है।



**इछावर।** स्टेट हाईवे पर कन्या गर्ल्स हॉस्टल के पास इस तरह से अतिक्रमण कर कब्जा कर रहे है।

### कब्जा हटाने के बाद दोबारा कर लेते हैं अतिक्रमण

नगर में अतिक्रमण हटाने के लिए नपं द्वारा पहले भी मुहिम चलाई गई, अतिक्रमण हटाने के लिए नगर परिषद अधिकारियों और कर्मचारियों का सरकारी अमला पुलिस बल की मदद से अतिक्रमण हटाने का काम करता रहा है, लेकिन वह तरीका कारगर नहीं रहा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जब तक चलती रहती तब तक अतिक्रमण हटा दिया जाता था , लेकिन बाद में स्थिति जस की तस बन जाती है।

### बहुजन समाज पार्टी विधानसभा इछावर में सेक्टर संगठन समीक्षा हुई संपन्न



**इछावर।** गुरुवार को नगर की रविदास धर्म शाला में बहुजन समाज पार्टी की बैठक का आयोजन कमलेश दोहरे जोन प्रभारी सागर के निर्देश अनुसार किया गया, बैठक में उपस्थिति पदाधिकारियों को बैठक में मुख्य अतिथि एनपी सागर जिला प्रभारी बसपा सीहोर ने पूर्व में दिए गये कार्यो की समीक्षा की एवं विशिष्ट अतिथि अनोखीलाल मालवीय जिला प्रभारी बसपा सीहोर द्वारा संगठन बनाने आने वाली दिक्कतों से कैसे निपटना है और हर हाल में संगठन बनाने पर विचार व्यक्त किए, संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर मौजूद रहे। बैठक में संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष ने बताया कि इछावर विधानसभा को 28 सेक्टरो में विभाजित किया गया है जिसमें आज 5 सेक्टरों जिम्मेदारी दे दी गई है और विधानसभा में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी सम्मानित साथियों ने संकल्प लिया कि हम अपने अपने क्षेत्रों पार्टी को मजबूत करेंगे। अनोखीलाल मालवीय ने कहा कि इछावर विधानसभा में बहुत समय से पार्टी का काम किया है और विधानसभा इछावर में अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़े और अल्पसंख्यकों पर अन्याय अत्याचार बहुत ज्यादा होते रहते हैं हम लोग पार्टी के द्वारा जिला एवं तहसील प्रशासन को अवगत कराया जाता है और लोगों को न्याय मिलना हमारी जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा एन पी सागर जी जिला प्रभारी बसपा सीहोर ने कहा कि इछावर विधानसभा अध्यक्ष गेंदालाल सूर्यवंशी लागातार अनुशासन हीनता, वरिष्ठ पदाधिकारीयो के निर्देशो का पालन नहीं करना पार्टी विरोधी गतिविधियों करने के कारण, अनुशासन हीनता देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष पद से हटाया जाता है और उनके स्थान पर धर्मेन्द्र बड़ोदिया को कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष बसपा इछावर नियुक्त किया गया है कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में बटनलाल गैलेरिया, विधानसभा प्रभारी लखनलाल बड़ोदिया, विस प्रभारी बसपा इछावर देववक्स बामनिया, विस महासचिव इछावर सरोज मालवीय, विस सचिव सुशील बड़ोदिया, विस कोषाध्यक्ष बसपा संतोष बामनिया, सज्जन बकोरिया, कैलाश मालवीय, राजेश जांगड़े, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया जाएगा विजयादशमी का पर्व



**सीहोर।** इस साल भी छावनी दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा निवास पर छावनी दशहरा उत्सव समिति की बैठक हुई। इसमें सर्व सहमति से पार्षद आशीष गेहलोत को दशहरा उत्सव समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह नीरज ताम्रकार को श्रीराम बारात का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर समिति के संरक्षक श्री अरोरा ने कहाकि लगातार 35 सालों से अधिक समय से शहर के मध्य बाल विहार के भव्य मैदान पर इस बार 71 फीट से अधिक ऊंची का रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस मौके पर मंच पर भजन संध्या के अलावा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। असत्य पर सत्य की विजय का त्योहार विजय दशमी पर्व प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहाकि समिति द्वारा भव्यता एवं ऐतिहासिक रूप से दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। इसमें विशालकाय रावण का आतिशबाजी के साथ दहन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि छावनी दशहरा उत्सव समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक के दौरान यहां पर उपस्थित समिति के पदाधिकारियों ने भव्य रूप से उत्सव मनाए जाने के लिए अनेक सुझाव दिए है। इस मौके पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें उपाध्यक्ष विनित गोयल, गब्बर यादव, सेवा यादव, राजू बोयत, छगन यादव, कोषाध्यक्ष के रूप में विशाल सेन, स्वागत अध्यक्ष राजेश परिहार, राम बारात अध्यक्ष नीरज ताम्रकार, प्रभारी धर्मेन्द्र माहेश्वरी को बनाया गया है। आगामी दिनों में छावनी से करीब 500 से अधिक लोगों को कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। इस मौके पर बैठक में ईश्वर सिंह चौहान, अजय रायकवार, विष्णु संघानी, अंकुश महेश्वरी, राहुल माहेश्वरी, उपेश माहेश्वरी, लक्की सक्सेना, संचित पटेल, प्रवीण यादव आदि शामिल थे।

### दस्तक अभियान व स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 सितंबर तक

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर 2025 तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी औ और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा। अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जाएगा और समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान का प्रथम चरण गृह भेंट आधारित नहीं होगा यह सेवाएं आंगनबाडी केन्द्र पर संचालित की जाएगी एवं मॉप-अप दिवस में छूटे हुये बच्चों को गृह भेंट कर सेवाएं दी जाएंगी।

## मां नर्मदा नदी को दूषित कर रहा है गांव का गंदा पानी





### ग्राम पंचायत नहीं दे रही इस और कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी तहसील में प्रसिद्ध नर्मदा घाट आंवली घाट है जहां पर नर्मदा नदी में स्नान करने के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं लेकिन उन्हें गंदगी का सामना करना पड़ रहा है नर्मदा घाट पर भी गंदगी का अंबार है साथ ही ग्राम आवलीघाट का गंदा पानी नर्मदा नदी में जा रहा है। जिससे नर्मदा नदी प्रदूषित हो रही है लेकिन शासन प्रशासन द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।साथ ही पूरे ग्राम आवलीघाट में जगह-जगह गंदगी देखी जा सकती है। केंद्र और प्रदेश की सरकार जहां करोड़ों स्वच्छता के नाम पर खर्च कर रही है वहीं आंवली घाट में गंदगी के चारों और के लिए जिससे मच्छर पनप रहे हैं और ग्रामीण जन बीमार हो रहे हैं। साथ दूसरे जिले सहित अन्य जगह से जो लोग नर्मदा नदी में स्नान करने पहुंच रह उन्हें भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। योजनाओं के नाम पर यहां पर लाखों रुपए तो खर्च किए गए लेकिन यहां पर साफ सफाई के नाम पर कुछ नहीं है उसमें भी सीधे तौर पर भ्रष्टाचार देखा जा सकता है अब देखना यह है कि शासन प्रशासन द्वारा यहां पर स्वच्छता के लिए और क्या किया जा सकता है जिससे नर्मदा नदी प्रदूषण न हो साथ ही आंवली घाट में स्वच्छ रहे। आवली घाट में नर्मदा तट पर जगह कचरो के ढेर लगे हुए हैं। लेकिन सफाई के नाम पर कुछ भी नहीं है कोई बड़ा नेता जब यहां पर आता है तो यहां पर साफ सफाई कर दी जाती है बाकी तो यहां की व्यवस्थाएं सब रामभरों से चल रही है ग्राम पंचायत इस और कोई ध्यान नहीं दे रही है जिससे यहां पर रहने वाले लोगों को बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

### चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। इसे बचाव के उपाये आवश्य करें और नजदीकी चिकित्सालय में जा कर डॉ. को दिखाये और उपचार कराये। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगायें। हल्के रंग के कपड़े पहनें एंव हाथ पैरों को पूरा ढ़कें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें। इसके साथ ही तेज बुखार, उल्टी तथा शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है। कूलर, टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि में को ढक कर रखें तथा अधिक दिनों तक यहां पानी जमा न रहने दें।

### मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की कार्यकारिणी घोषित

**सीहोर।** मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति जिला-शाखा सीहोर का विस्तार कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। समिति के जिला संयोजक रवीन्द्र कुमार बांगरे से.नि. सहायक संचालक व शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अवगत कराया गया है कि हिन्दी भाषा का व्यापक प्रचार प्रसार कर गुणवत्तापूर्वक शिक्षा को प्रस्तावित करने, राष्ट्रीय और भावनात्मक एकता को बढ़ावा देने, हिन्दी परीक्षाओं का संचालन करने, पाठ्यपुस्तकें व अन्य साहित्य का निर्माण कर प्रकाशित करने तथा समाज में साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए कार्य करने के उद्देश्य से राष्ट्रभाषा प्रचार समिति पूरे देश में कार्य करती है। सीहोर जिले में इसका विस्तार कर डॉ. दीपक बिसोरिया उ.मा.शि. शासकीय सुभाष उ.मा.वि. सीहोर को अध्यक्ष व राखी नामदेव मा.शि. शा. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उ. मा. वि. सीहोर को सचिव नियुक्त किया गया है। समिति के संरक्षक मण्डल में वरिष्ठ हास्य व्यंगकार जयमल सिंह रजपाल, वरिष्ठ साहित्यकार रामनारायण सुनगरया, वरिष्ठ कवि हरिओम शर्मा दाऊ, वरिष्ठ गीतकार सुरेश कुमार श्रीवास्तव से.नि. प्रभारी अधीक्षक कलेक्ट्रेट सीहोर एवं डॉ. हेमलता राठौर प्राचार्य शा. हाईस्कूल स्वामी विवेकानंद मंडी को मनोनीत किया गया है। जबकि उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर वर्मा सहायक परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सीहोर, चन्द्रशेखर पोरवाल उ.मा.शि. शा.उ.मो-वि. धामन्दा, अंजू चौहान उ.मा.शि. शास. आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर, एवं कोषाध्यक्ष भारती मालवीय मा-शिः शासकीय हाईस्कूल कचनारिया को नियुक्त किया गया है। जिला संयोजक रवीन्द्र कुमार बांगरे ने मनोनीत अध्यक्ष डॉ. दीपक बिसोरिया, सचिव राखी नामदेव सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाइ दी।

## वीएमसी की बैठक कर स्कूल में संचालित गतिविधियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की

# कलेक्टर ने जवाहर नवोदय स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के श्यामपुर स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल की सभी व्यवस्थाएं देखीं और कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। कक्षाओ के निरीक्षण कि दौरान उन्होंने कक्षा 12वी के विद्यार्थियों से पढ़ाई के बारे में चर्चा की और पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन वह स्वर्णिम समय होता है, जिसमें कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास से अपने और देश के भविष्य को नई सकारात्मक दिशा दी जा सकती हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कठिन परिश्रम करें।

इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित कर विद्यालय में संचालित गतिविधियों की समीक्षा भी की। बैठक में उन्होंने विद्यालय की कार्य प्रणाली, मूलभूत व्यवस्थाओं और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।



### अधिकारियों को दिए निर्देश

बैठक के दौरान स्कूल में छात्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने, बिजली का कनेक्शन 11 केवी से 33 केवी में बदलने, प्रवेश परीक्षा में छात्राओं के नामांकन बढ़ाने, कैंपस में सोलर लाइट लगाने, स्कूल मुख्य गेट का सौंदर्यीकरण कराने, बॉटनिकल गार्डन का विस्तार करने, अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण करने, 400 मीटर का ट्रैक बनाने एवं हैंड पंप लगाने सहित अनेक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सीहोर नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार, प्राचार्य डॉ केएस बघेल, उप प्राचार्य रीता खत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा।

दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री नीरज शर्मा पिता स्व० श्री गिरधर कुमार शर्मा प्रो० नीरज इलेक्ट्रानिक्स इछावर के नाम पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा-इछावर कि चेक बुक आबंटित कि गई है जिनमे से मेरे पक्षकार के चेक कमांक 123537, 123538, 123539, 123549, 123555, 123559, नम्बर के चेक कही गुम हो गए है या गिर गऐ है मेरे पक्षकार के उक्त चेक यदि किसी व्यक्ति को कही से मिले तो कृप्या मेरे पक्षकार को उनके उक्त चेक को वापस करे । मेरे पक्षकार ने उक्त चेको के भुगतान पर भी संबंधित बैंक से स्टाप पेंमेन्ट करा दिया गया है । एवं आवश्यक संबंधी कानूनी कार्यवाही भी कि गई है । मेरे पक्षकार के उपरोक्त चेको का कोई दुरूपयोग न हो इसलिये जाहिर सूचना के माध्यम से पूर्व मे सूचना प्रकाशित कि जा रही है ।

**भवदीय, अमित कुमार गुप्ता (अधिवक्ता), भवानी कुंज, स्टेट बैंक के सामने इछावर**

मनमानी से रेलवे के ठेकेदार बगैर सूचना और सुरक्षा मापदंडों के हर कभी कर रहे ब्लास्टिंग

# रेलवे के अचानक ब्लास्ट से हेडगेवार कॉलोनी थर्राई, गाड़ियों के फूटे कांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में भोपाल-रामगंजमंडी रेलवे लाईन का कार्य दुरत गति से चल रहा है। स्थानीय पाटन रोड पर जहां रेलवे स्टेशन निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है कि वहीं लाईन डालने से संबंधित अर्थवर्क व अन्य कार्य इन दिनों चल रहे हैं। रेलवे के ठेकेदार द्वारा बुधवार सुबह अचानक बगैर किसी सूचना के हार्डरॉक तोड़ने अचानक ब्लास्टिंग कर देने से आसपास की कॉलोनियों एवं रहवासी बस्तियों के लोग थर्रा उठे। बड़ी-बड़ी चट्टानों को फोड़ने वाला यह ब्लास्ट इतनी अधिक तीव्रता का था कि ब्लास्ट से बड़े-बड़े बोल्डर, पत्थर हेडगेवार, सिविल लाईन कॉलोनी तक पहुंच गए और तीन-चार कारों के कांच तक फूट गए। गनीमत से ब्लास्टिंग से उछले पत्थरों से जनहानि होने से बच गई।

ठेकेदार द्वारा बगैर सायरल और सूचना के अचानक की गई इस ब्लास्टिंग के चलते कॉलोनी के बाशिंदों का गुस्सा फूट पड़ा और सभी ने मौके पर एकत्रित होकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान रेलवे के इंजीनियर और ठेकेदार के सुपरवाईजर को भी मौके पर बुलवाया गया और आक्रोषित लोगों ने सुपरवाईजर के साथ धक्कामुक्की तक कर डाली। उल्लेखनीय है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब रेलवे द्वारा अधिकृत एजेंसी के ठेकेदार द्वारा बगैर सूचना के ब्लास्ट किया गया हो। पूर्व में भी अचानक इस तरह ब्लास्टिंग करने से लोगों के घरों में दरारें पड़ चुकी हैं वहीं वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

कॉलोनी के लोगों का फूटा गुस्सा, बोले-कमजोर हो रही इमारतें





### ठेकेदार ने मांगी माफी दिया नुकसान का पैसा

रेलवे के ठेकेदार से हुई इस बड़ी चूक के चलते बाद में ठेकेदार द्वारा स्थानीय लोगों से मांफी मांगते हुए भविष्य में बगैर सूचना के ब्लास्टिंग न करने की बात कही गई। इसके साथ ही जिन लोगों की कारों में नुकसान हुआ उसकी भरपाई के लिए राशि भी संबंधित ठेकेदार द्वारा दी गई है। **वर्जनः** ठेकेदार को ताकीद कर दिया है कि भविष्य में बगैर सूचना किसी तरह की ब्लास्टिंग न करे। आगे से ब्लास्टिंग के वक्त मै स्वयं मौके पर मौजूद रहूंगा।

**बसंत कुमार**, साइट इंजीनियर, रेलवे

### धमाके से उछले पत्थरों से चार कारों के फूटे ग्लास

*बुधवार सुबह करीब 11 बजे के लगभग अचानक बगैर सूचना के की गई ब्लास्टिंग से हेडगेवार कॉलोनी के चार व्यक्तियों की कारों के फ्रंट एवं डोर ग्लास फूट गए जिससे लोगों को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। इसके साथ ही ब्लास्टिंग से उछटकर कॉलोनी तक पहुंचे बोल्डर, पत्थर लोगों की घरों की छतों और मकानों के अंदर तक जा पहुंचे। ईश्वरीय कृपा से सिर्फ जनहानि होने से टल गई।*

### साप्ताहिक हाट के बावजूद की गई ब्लास्टिंग

*मुख्यालय पर हर बुधवार साप्ताहिक हाट-बाजार होने से पाटन सहित आसपास के अनेक ग्रामों के लोग खरीदारी करने राजगढ़ आया करते हैं। ऐसे में ब्लास्टिंग सहित अन्य कार्य बुधवार को करना पूर्णतः मना है। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी ने लोगों की जान जाखिम में डालते हुए डेटोनेटर से ब्लास्टिंग को अंजाम दिया।*

फिट इंडिया थीम पर गणपति बप्पा का भव्य स्वागत

# ढोल-नगाड़ों के संग गणेशोत्सव बच्चों को मिला फिटनेस मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

27 अगस्त को प्रोग्रेसिव किड्स और प्रोग्रेसिव हाइट्स में गणपति बप्पा की स्थापना बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में की गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच पूरे प्रोग्रेसिव परिवार ने मिलकर



गणपति का स्वागत किया। इस वर्ष गणेशोत्सव की थीम प्रधानमंत्री योजना दृ फिट इंडिया मूवमेंट पर आधारित रही। बच्चों को स्वास्थ्य के महत्व को समझाने और अच्छे जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया गया।

### प्रसाद में स्वास्थ्य संदेश

*सामान्य मिठाई और तैलीय प्रसाद के स्थान पर इस बार "नो शुगर दृ नो ऑयल" थीम पर स्वास्थ्यवर्धक प्रसाद वितरित किया गया।"स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूँजी है। यदि हम फिट रहेंगे और जीवन को संतुलित रखेंगे तो सच में सुखी और सफल रहेंगे।"का संदेश बच्चों और अभिभावकों तक पहुँचाया गया।*

### रोबोटिक मूषक और इनोवेटिव जिम आकर्षण का केंद्र

*बच्चों ने रोबोटिक लैब में इस थीम के अनुरूप एक जिम मॉडल तैयार किया। इस जिम में यह दर्शाया गया कि यदि आप हेल्दी फूड खाते हैं और नियमित व्यायाम करते हैं तो आप स्वस्थ और ऊर्जावान रहेंगे।*

### यदि आप जंक फूड या अनहेल्दी खानपान अपनाते हैं तो स्वास्थ्य बिगड़ सकता है

*इसके अलावा बच्चों द्वारा बनाए गए रोबोटिक मूषक (गणपति के वाहन) आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। ये मूषक तकनीक और भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहे थे। इस वर्ष की गणपति स्थापना को विशेष बनाने के लिए प्रोग्रेसिव परिवार ने इसे विभिन्न विषयों से भी जोड़ा। इसका उद्देश्य था बच्चों को यह समझाना कि गणपति बप्पा केवल विघ्नहर्ता ही नहीं बल्कि ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा के प्रतीक भी हैं। भौतिकी बच्चों ने यह दर्शाया कि संतुलन और गति जीवन में उतने ही आवश्यक हैं जितने कि ब्रह्मांड में। जिम मॉडल में लगाए गए लीवर, गियर और रोबोटिक्स इसका प्रतीक बने।रसायन विज्ञान प्रसाद में "नो शुगर, नो ऑयल" का चयन बच्चों ने केमिस्ट्री की जानकारी वही जीव विज्ञान स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ मन का आधार है। बच्चों ने मॉडल्स के माध्यम से यह दिखाया । इस प्रकार, गणपति स्थापना केवल धार्मिक उत्सव न रहकर एक शैक्षिक प्रयोगशाला बन गई, जिसमें भक्ति, विज्ञान, संस्कृति और शिक्षा दृ सभी का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना और यह बताना था कि "सच्ची भक्ति वही है जो हमें अच्छे आदतों और स्वस्थ जीवन की ओर ले जाए। प्रोग्रेसिव परिवार ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि आने वाली पीढ़ियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने में वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।*

वाटर लेवल मेन्टेन करने मोहनपुरा बांध के 4 गेट खोले

## समूचे क्षेत्र में हुई लगातार बारिश से लबालब हो चुके हैं क्षेत्र के जलस्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की कुल औसत वर्षा के लिहाज से क्षेत्र में अब तक काफी बारिश हो चुकी है। इस साल अत्यधिक बारिश के चलते सभी बड़े, छोटे बांध सहित अन्य जल-स्त्रोत लगभग-लगभग अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भराए जा चुके हैं। बारिश का दौर अनवरत चालू रहने से आसपास से बहकर आने वाले पानी से मोहनपुरा बांध का जल स्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

ऐसे में बांध के निर्धारित वाटर लेवल को मेन्टेन करने बुधवार शाम 6 बजे बांध प्रबंधन द्वारा डैम के चार गेट खोल दिए गए। बांध प्रबंधक



अशोक दीक्षित ने बताया कि कुल चार गेट 0.5 मीटर खोलकर 305.632 क्यूमेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है।

बांध के गेट खोलने के एक घंटे पूर्व वहां स्थित बड़े सायरनों को बजाया गया वहीं शहर स्थित मोहनपुरा कार्यालय स्थित सायरल भी एहतियात के तौर पर बजाया गया ताकि लोग अलर्ट हो जाएं।

### कुंडालिया बांध 40 फीसदी खाली

*मोहनपुरा बांध भलेंही लबालब भरा हुआ है लेकिन यदि बात कुंडालिया डैम की करें तो 400 मीटर क्षमता वाला यह बांध अभी 392 मीटर के लगभग ही भरा पाया है। प्रतिशत के लिहाज से बात करें तो यह बांध फिलहाल 58 फीसदी के लगभग भरा हुआ है।*

### गुर्जर समाज ने मनाई सम्राट मिहिर भोज जयंती



**माचलपुर।** गुर्जर युवा समिति ने गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती धूमधाम से मनाई। प्रसिद्ध पड़ापड़ के देवरा मंदिर पर मंगलवार दोपहर बड़ी संख्या में समाज के युवा एकत्रित हुए और देव महाराज की पूजन आरती के पश्चात बाईक रैली निकाली। आगे डीजे की धुन पर युवा सम्राट माहिरभोज और भगवान देवनारायण के जयकारे लगाते चले। युवाओं ने अखाड़े में हैरतअंगेज कारनामे भी दिखाए। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी जहां नगर वासियों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। बाईक रैली का समापन नगर की पुरानी कृषि उपज मंडी में प्रसादी के उपरांत हुआ।

शासन, प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना पर कार्रवाई

## जिले के तीन निजी स्कूलों पर 4 लाख रुपए का ठोका जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न अशासकीय विद्यालय प्रबंधनों द्वारा अक्सर लापरवाहियों एवं शासन के निर्देशों के प्रतिकूल काम करने के मामले सामने आते रहते हैं।

लेकिन, इस बार कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने सख्त रुख अपनाते हुए ऐसे 3 लापरवाह निजी विद्यालयों पर 4 लाख का अर्थदंड अधिरोपित किया है। गत 26 जुलाई को कलेक्टोरेट में आयोजित निजी विद्यालयों को समीक्षा बैठक हुई थी जिसमे कुछ स्कूलों की लापरवाहियों पर सज्ञान लेते हुए राजगढ़ के राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल पर 2 लाख रुपए, सारंगपुर क्षेत्र के आसारेटा पंवार ग्राम के साईनाथ कॉन्वेंट स्कूल पर 1 लाख रुपए एवं सारंगपुर के ही शास्त्री स्मृति हाईस्कूल विद्या मंदिर पर 1 लाख रुपए की शाश्ती लगाई गई है। जारी आदेश के तहत तीनों स्कूल प्रबंधनों को कहा गया है की वे एक हफ्ते में उक्त दंड राशि लोक शिक्षण के खाते में ऑनलाइन जमा करवाएं।

### निजी प्रकाशकों को किताबों को दे रहे थे वरीयता

*राजगढ़ के राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल पर निजी पब्लिशरों की बुक्स संचालित करते हुए एनसीईआरटी के मापदंडों की अवहेलना की जा रही थी। साईनाथ एवं शास्त्री स्मृति स्कूल के संचालक न समीक्षा बैठक में उपस्थित हुए थे और न ही उनके द्वारा विभागीय नियमों का पालन किया जा रहा था।*

## राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने स्टेट जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर स्कूल और पूरे ब्यावरा का नाम रोशन किया है । 22 से 25 अगस्त इंदौर मे आयोजित जुडो स्टेट ओपन चैंपियनशिप मे बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा जिसमे ज्योतिराज प्रजापति ने -66 किलोग्राम मे स्वर्ण पदक जीता हरिओम प्रजापति ने -81 किलोग्राम मे और देशराज यादव ने -90 किलोग्राम मे रजत पदक जीतकर जिले को गोरवान्वित किया और साथ ही भोपाल मे आयोजित संभाग स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति, सुमित प्रजापति,और देशराज यादव इन खिलाड़ियों का गुना मे होने बाली 8 से 13 सितंबर तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। छात्रों की इस सफलता पर संस्था समिति अध्यक्ष




आर एस राजपूत ,समिति सदस्य , सोनू राजपूत , मंजू गुप्ता, कृष्णा भदौरिया सुमित्रा भट्ट एवं संस्था प्राचार्य एस के जैन तथा समस्त स्टाफ सदस्यों चयनित छात्रों एवं खेल शिक्षक शुभम राजपूत एवं जितेन्द्र धनगर को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं ।

## महिला समूह की बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय का लेखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर विभिन्न रोजगारोन्मुखी कार्यों से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में जैतपुराखुर्द की विश्वास महिला सामुदायिक संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक जिला परियोजना प्रबंधक संदीप सोनी की उपस्थित में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुए आय-व्यय का लेखा-जोखा एवं ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही लखपति दीदी, ग्राम संगठन समीक्षा, कर्मचारी समीक्षा आदि मुद्धों पर भी चर्चा करते हुए आजीविका शपथ दिलवाई गई। बैठक के दौरान जिला टीम द्वारा सीएलएफ को और बेहतर कार्य करने हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए आवश्यक सुझाव दिए गए। इसके उपरान्त सर्वश्रेष्ठ संगठन व कर्मचारियों को पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति-पत्र व शील्ड प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला प्रबंधक अमित रावत, आशीष कौषिक, नोडल अधिकारी दीपक वर्मा, ब्लॉक प्रबंधक व स्व-सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

## शांति समिति की बैठक में लिए कई अहम निर्णय

■ धार्मिक त्यौहार गणेशोत्सव , डोल ग्यारस , अनंत चतुर्दशी पर्वो को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी रवि ठाकुर की मुख्य उपस्थित में धार्मिक त्यौहार गणेशोत्सव , डोलग्यारस , अनंत चतुर्दशी पर्वो को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जहां पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालुसिंह तोमर, नपा सीएमओ प्रभार देवनारायण दांगी सहित जनप्रतिनिधि , अधिकारी , कर्मचारी दोनों समुदाय के गणमान्य नागरिकों पत्रकारों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में इन त्यौहारों को शान्ति सौहार्द भाईचारे के साथ व्यवस्थित ढंग से मनाने पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये। नगर मे डोलग्यारस पर्व पर निकलने वाला विशाल चल समारोह (डोल जुलूस) प्रतिवर्षानुसार की भांति दोपहर तीन बजे चैपड़ा बाजार से प्रारंभ होकर बुधवारिया बाजार,जवाहर चैक, इंदर चैराहा, आवास कॉलोनी से शिवशंकर ताल छापीश्वर महादेव मंदिर बांध पर पहुंचेगी जहां पर भगवान की पुजा अर्चना उपरांत स्वागत समारोह तथा अन्नपूर्णा मंदिर पर पहुंचकर आरती प्रसाद वितरण पश्चात भगवान के विमान अपने-अपने मंदिरों में जावेगे। इस दौरान अन्नपूर्णा मंदिर के पास स्थित मस्जिद में नमाज साढ़े आठ बजे होवेगी।मस्जिद में नमाज उपरांत निर्धारित समय पर मॉ अन्नपूर्णा मंदिर पर भगवान के विमान पहुंचने का निर्णय लिया।

### पत्नियों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा हरतालिका तीज का व्रत

**सुठालिया।** मंगलवार को महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र एवं दांपत्य जीवन सुख समृद्धि के लिए हरितालिका तीज का व्रत रखा गया यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे शुभ व्रत माना जाता है इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए खास पूजा की जाती है तीज की सुबह महिलाएं स्नान कर व्रत का संकल्प लेती है पूजा में मां पार्वती और भगवान शिव की प्रतिमा को फल फूल और सुहाग की सामग्री से सजाया जाता है मेहंदी चूड़ियां और श्रृंगार का इसमें खास महत्व हे दिन भर निर्जला व्रत रखा जाता है यानी न जल न अन्न शाम को महिलाएं कथा सुनकर भजन कीर्तन करती है इससे दापत्य जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है तीज सिर्फ व्रत नहीं बल्कि आस्था प्रेम और समर्पण का प्रतीक है परलापुरा लक्ष्मीकांत मंदिर पर महिलाओं ने रात्रि जागरण किया।

तहसील के 97 गांवों के किसानों को नहीं मिली फसल बीमा की राशि, अन्नदाताओं में पनपा आक्रोश

# खुजनेर में किसान संघ ने खोला मोर्चा, विद्युत विभाग के सामने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

भारतीय किसान संघ द्वारा बुधवार को आक्रोशित किसानो ने अपनी मांगों को लेकर नगर में ट्रैक्टर रैली निकाल पचोर सोयत हाइवे को चक्काजाम किया ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान खुजनेर मांगलिक भवन में एकत्रित हुए जिसके बाद नारेबाजी करते हुए नगर के शिमला बस स्टैंड राजगढ़ चैराहा होते हुए दशहरा मैदान विद्युत विभाग के सामने पहुंचे जहा किसानों ने चक्काजाम किया किसान संघ द्वारा तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रमुख मांगे थी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के साथ एक बुहत बड़ा धोखा है जो किसी के समझ नहीं आ रहा है, जितनी राशि प्रीमियम के माध्यम से बीमा कंपनी को जमा की जाती है, उतनी राशि भी किसानों को बीमा के नाम पर नहीं दी जाती, क्राप कटिंग में नुकसान होना पाया, उसके बाद भी किसानों को बीमा लाभ नहीं मिला(

कई हल्के छूट गये कुछ गांवों में 5-10 लोगों को नाम मात्र की फसल बीमा मिला बाकी किसान मुंह देखते ही रह गये अगर सरकार बीमा नहीं देना चाहती तो यह योजना बंद कर देखें ताकि डोन सर्वे का बहाना ना बनाना पड़े, सरकार और बीमा कंपनी की मिलीभगत से लाखों किसानों के साथ बहुत बड़ा



आक्रोशित किसानो दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

षडयंत्र हो रहा है समय रहते इसका समाधान किया जावें सरकार द्वारा जिन फसलों का समर्थन मुल्य घोषित किया जाता है उन फसलों को समय पर खरीदने की सुचारु व्यवस्था की जावें एवं समर्थन मुल्य से कम दाम किसान की फसल ना बिके इसकी कानूनी गारंटी दी जावें नहीं तो समर्थन मुल्य घोषित करना बंद किया जावें सरकार रासायनिक खाद और बीज को लेकर बड़े दावें करती है लेकिन हकीकत कुछ और ही है किसान को सीजन में भी खाद नही मिलता है बाजार से



अधिक दाम पर खाद खरीदना पड़ता है सरकार की नाक के नीचे नकली खाद बीज, एवं कीटनाशक दवाई बाजार में खुलेआम बिक रहा है यहां भी किसानों के साथ धोका किया जा रहा है कोई रोकने वाला नहीं है, ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जावें ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत वितण कंपनी द्वारा मनमानी राशि का बिल दिया जा रहा है जो नियमित उपभोक्ता है उन्हीं से अधिक राशि ली जा रही है कई उपभोक्ता बिना कनेक्शन के विद्युत का उपयोग कर रहे है उनके उपर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है इस व्यवस्था में सुधार किया जावें। समय रहते बंद लाईन को आगामी सीजन के लिऐ दुरुस्त करवाई जावें विद्युत की कटौती रोज शाम के समय की जा रही है, उसको बंद किया जावें गौ वंश की रक्षा के लिए सरकार को कोई ठोस कदम उठाना चाहिए, गाय सिर्फ किसान के खुटे पर ही सुरक्षित रह सकती है, इसलिऐ किसान को प्रति गाय पर 1 हजार रुपये मासिक दिया जाना चाहिए ताकि गाय भी सुरक्षित रहे और साथ ही जैविक खेती को भी बढ़ावा मिले ग्राम धुआखेड़ी में विगत माह में ग्रामीणजनों को राशन नही दिया गया।

इसकी जांच करवा कर तत्काल राशन वितरण करवाया जावें ग्राम रसूलपुरा में लगभग 50 किसानों के खेत पर जाने का रास्ता बंद है उसको तत्काल खुलवाया जावें खजनेर मण्डी में व्यापारियों द्वारा सरेआम मनमानी की जा रही है. बार बार कहने के बाद भी किसान की फसल का भगतान है व्यापारियों के निवास पर किया जा रहा है जिसके कारण जो व्यापारी मनमानी कर रहा है उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावें ग्राम गौरियाखेड़ा एवं पाडल्याखेड़ी ग्रिड से शाम के समय बार बार विद्युत कटौती की जा रही उसको बन्द किया जाए भारतीय किसान संघ द्वारा इन सभी को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन जिसमें जिला अध्यक्ष बद्रीलाल नागर जिला कार्यकारणी सदस्य डालचंद्र भिलाला तहसील अध्यक्ष विष्णु दांगी तहसील मंत्री रामकरण नागर तहसील उपाध्यक्ष राजेश नागर हरिनारायण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### इनरव्हील ब्रांडिंग की बच्चों में बांटी कॉपी, बच्चों को की वितरित



**आष्टा।** सामाजिक कार्यों में अपनी अलग पहचान बनाने वाले संगठन इनर व्हील क्लब हमेशा उत्कृष्ट कार्य करता आया है। इसी कड़ी में इनर व्हील क्लब ने बच्चों को कॉपी का वितरण किया और बच्चों को स्वल्पाहार रूप में बिस्किट चिप्स भी दिए। क्लब की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी ने बताया कि इनरव्हील क्लब के माध्यम से हम प्रोजेक्ट करते है जो सामाजिक कार्य होते है और जरूरतमंद परिवार के बच्चों को कभी ड्रेस, कॉपी का वितरण करते है, आज एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल में इनरव्हील क्लब के द्वारा इनरव्हील ब्रांडिंग की सैनिकों के बच्चों को इनरव्हील ब्रांडिंग के प्रोजेक्ट में वितरित किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी ने कहा कि जो जरूरतमंद लोग है उनके लिए हम कार्य कर रहे है ओर हमारा क्लब भी सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित कर लोगों में भी जागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रहा है। इस आयोजन में क्लब अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी, सचिव दीपिका सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, हेमलता सोनी, सरोज पालीवाल, श्रद्धा पालीवाल उपस्थित रही।

### किसान संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**सीहोर।** सिराली आधुनिक युग में किसान अपनी खेती में खड़ी फसलों में कीटों को नियंत्रित करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न कंपनी की दवाइयां का उपयोग कर रहे है। अगर इस पद्धति को नहीं सुधारा गया तो 2040 तक देश की आबादी के 30 प्रतिशत लोग चर्मरोग व अन्य गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जायेंगे और कृषि भूमि बंजर हो जावेगी। इसके बचाव हेतु शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड संस्था द्वारा गांव-गांव जाकर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम सोमगाँव में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि अधिकारी यादवेंद्र भारद्वाज ने किसान भाइयों को बताया कि जो अपनी परंपरागत खेती से भटक कर रासायनिक खाद एवं उर्वरक की ओर चल गई है। इस विकट समस्या से किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि जैविक खेती में ही किसान भाइयों का भविष्य सुरक्षित है तथा कम कीमत में जीवाणु भूमि की संरचना को सुधरता है। जैविक खाद एवं दवाइयां के प्रयोग से भूमि की उर्वरक शक्ति बढ़ती है।

## सिविल अस्पताल में नवजात की मौत: परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाए लापरवाही के गंभीर आरोप




# अपनी ड्यूटी पर नहीं थी महिला चिकित्सक, नर्सों ने करा दी डिलेवरी, प्रसव के दौरान नवजात की मौत







### परिजनों के अनुसार प्रसव के दौरान अनुभवी महिला चिकित्सक की जगहों नर्सों ने ही कर डाली महिला की डिलेवरी। बीएमओ ने थमाया ड्यूटी से गायब डॉक्टर माधवी राय को नोटिस, दो दिन में मांगा जवाब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना क्षेत्र आष्टा अन्तर्गत वार्ड नंबर 4 निवासी एक गर्भवती महिला की प्रसव के दौरान बच्चे की मौत होने पर परिजनों ने जमकर नाराजगी जताते हुए अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 4 निवासी शाहरूख की पत्नी फरीन का प्रसव कराने के लिए परिजनों ने बीते बुधवार को शाम को तकरीबन 6 बजे सिविल अस्पताल आष्टा में भर्ती कराया।

जहां स्थानीय नर्सों की देखरेख में उसे अस्पताल में ही रखा गया वही तकरीबन 8 बजे के लगभग अनुभवी डॉक्टर की गैर मौजूदगी में नर्सों ने ही गर्भवती महिला की प्रसव करवा दी। इस दौरान गर्भवती महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। लेकिन वह मौजूद नर्सों ने महिला के परिजनों को बच्ची को सांस लेने में परेशानी बताते हुए अन्य अस्पताल ले जाने की बात कही। जिससे परिजन घबरा गए और डॉक्टर को बुलाकर यही ईलाज करने की बात कही लेकिन उपस्थित नर्स स्टाफ ने महिला के परिजनों को बताया कि बच्ची को सांस लेने में दिक्कत आ रही है जिसका ईलाज यह नहीं सीहोर या भोपाल ही हो पाएगा। ऐसे में महिला के परिजनों ने वार्ड 8 की पार्षद पति शेख रईस को सूचना दी और अस्पताल बुलाया। जब शेख रईस अस्पताल पहुंचे बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर भी अस्पताल पहुंच चुके थे। जिन्होंने बताया की बच्ची की मौत हो चुकी है। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए बच्ची की मौत का जिम्मेदार भी अस्पताल को बताते हुए कार्यवाही की मांग उठाई है।

### हालात: ढाई माह से ड्यूटी चार्ट तक नहीं हुआ अपडेट




आपको जानकार आश्चर्य होगा की क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल अनुभवी महिला चिकित्सको की जगह नर्सिंग स्टाफ के भरोसे चल रहा है और यह गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी जिम्मेदार महिला डॉक्टरों की गैर मौजूदगी में नर्सिंग स्टाफ ही करवा रहा है जिससे लापरवाही के चलते बीते बुधवार को एक गर्भवती महिला की प्रसव के बाद बच्ची की मौत हो गई। और आलम तो ऐसे है की प्रसूति विभाग में लगा ड्यूटी चार्ट भी कई कई दिनों तक अपडेट नहीं होता है जिससे यह मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को पता भी नहीं लग पाता की कौन ड्यूटी कर रहा है और कौन नहीं। बीते बुधवार को अस्पताल में आई गर्भवती महिला के परिजनों ने बताया की हमने 6 बजे के लगभग अस्पताल में भर्ती किया था तब भी वह कोई महिला चिकित्सक नहीं थी वहीं जब डिलीवरी कराई तब भी कोई अनुभवी डॉक्टर मौजूद नहीं थी। और डिलीवरी भी यह नर्सों ने ही कराई। यदि हमे अस्पताल वाले पहले बता देते तो कही बाहर या प्रायवेट अस्पताल ले जाते लेकिन डिलीवरी होने के बाद हमे मौजूद नर्स स्टाफ ने ही बताया की बच्ची को सांस लेने में दिक्कत हो रही है और आपकी जवाबदेही पर ही बाहर ले जा सकते हैं। लेकिन बाद हमे अस्पताल वालों ने हमे मृत बच्ची ही सौंपी।

### अस्पताल परिसर में ही क्वाटर बने डॉक्टरों के, फिर क्यों आपतकाल में नहीं पहुंचते

वार्ड 8 के पार्षद पति शेख रईस ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए और कहा की यह ड्यूटी पर समय पर कोई महिला चिकित्सक नहीं मिलती और सभी महिला चिकित्सक अपने निजी क्लिनिक चला रही है जहां क्लिनिक पर फीस देकर ईलाज कराने वाले मरीजों को ही तवज्जो दी जाती है और जो फीस नहीं देता है महिला डॉक्टर उनका ईलाज तो दूर की बात देखना भी मुनासिन नहीं समझती! यही आज हुआ ड्यूटी पर महिला डॉक्टर मौजूद नहीं थी । वही सरकार ने अस्पताल में ही इन डॉक्टरों को रहने के लिए निशुल्क घर (क्वाटर) उपलब्ध कराए हैं ताकि आपातकाल स्थिति में तत्काल मरीज को हर संभव इलाज मिल सके लेकिन ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक माधवी राय कल तीन घंटे तक गायब रही जिससे एक मां ने अपनी बच्ची को खो दिया।

### बीएमओ अस्पताल पहुंचे लेकिन, वहीं क्वाटर में रहने वाली डॉक्टर माधवी राय नहीं पहुंची

बीते बुधवार को वार्ड 4 निवासी गर्भवती महिला फरीन के प्रसव के बाद हुई बच्ची की मौत से नाराज परिजनों से मिलने और मामले की गंभीरता देख अस्पताल के बाहर निवास करने वाले संवेदनशील डॉक्टर बीएमओ तत्काल अस्पताल पहुंच जाते हैं और पूरे मामले की मॉनिटरिंग करते हैं लेकिन वही अस्पताल परिसर में रहने वाली तत्कलीन ड्यूटी डॉक्टर दो घंटे तक अस्पताल नहीं पहुंची। जिससे परिजनों में डॉक्टर माधवी राय के खिलाफ जमकर आक्रोश देखने को मिला।

### नोटिस जारी कर जवाब मांगा है

इस मामले पर आष्टा बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर ने बताया की रात को ही मामले की जानकारी मिलते ही में तत्काल अस्पताल पहुंच गया था और आज ड्यूटी डॉक्टर माधवी राय को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा गया है इसके बाद ही कुछ कह पाऊंगा।

**अमित माथुर,** बीएमओ आष्टा

# क्रोध में व्यक्ति अंधा हो जाता है: मुनी सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हमने चातुर्मास के साथ मिथ्यात्व का आपरेशन किया तो अब क्षमा का धर्म आ गया।क्षमा जिसमें है वह क्षमा भाव रखता है।क्रोध ज्वलंतशील पदार्थ की तरह है।यह दोनों भवों में दुःख देता है। मृदुमति जी और पुष्पा दीदी बहुत ही विद्वान हैं।उत्तम क्षमा महान है। क्षमादान से मुक्ति का रास्ता खुलता है। पहले क्षमा, प्रार्थना,फिर पूजा है तो वहां सानंद होगा ही।क्रोध आने के अनेक कारण हैं। इच्छा की पूर्ति नहीं होने पर क्रोध आ जाता है।क्रोध में व्यक्ति अंधा हो जाता है। क्षमा ही सबसे बड़ा आभूषण है,मन में क्षमा भाव होना चाहिए। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर पर्यूषण पर्वाधिराज महापर्व के पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म पर आशीष वचन देते हुए मुनिश्री सजग सागर जी एवं सानंद सागर मुनिराज ने कही। सानंद सागर जी ने कहा आजकल सेठ जी टेंशन में और नौकर फेशन में। सभी आत्मा का कल्याण चाहते हैं। क्रोध का कारण मन चाहा नहीं होना।भोजन बनाते समय भाव निर्मल होना चाहिए।मौन पूर्वक आहार देवें, ध्यान से काम करें। कभी भी अपशब्द नहीं कहें, अंधे के पुत्र अंधे होते हैं यह कहने पर महाभारत हो गई थी। मेहनत का पैसा, पारितोषिक अवश्य देना चाहिए।क्रोध में लोग जान दे देते हैं। जहां क्रोध वहां दुर्गति होती है और जहां क्षमा है ,वहां सदगति होगी। मानसिक अस्त-व्यस्तता से क्रोध आता है। परेशान व्यक्ति को अच्छी शिक्षा भी बुरी लगती है। अस्वस्थता होने वाले व्यक्ति बच्चों के समान है। मुनिश्री सानंद सागर जी ने कहा ऐसे भी गुरु है जो शिष्या से ही शादी कर लेते हैं कहा गुरु -शिष्य का रिश्ता।आज कल गुरु के गले में हाथ डाल कर शिष्य चल रहे हैं।परिवार में विघटन का कारण मन की इच्छा पूरी नहीं होना।तामशिक भोजन से क्रोध आता है।पहले न्याय नीति से युद्ध होते थे ,लेकिन उसमें भी मायाचारी होती थी। अश्वत्थामा ने अर्जुन के पांच पुत्रों को मार दिया, द्रोपदी ने उसे गुरु पुत्र होने पर क्षमा करने को कहा। क्षमा शब्द सुनते ही अश्वत्थामा के मन में ग्लानि हुई कि मैंने सोते हुए बच्चों को मार दिया।

# फसल बीमा डलवाने 4 सितंबर को जावर में होगा किसान आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



बीमा कंपनियों द्वारा किए गए वादों के खिलाफी के विरोध में जावर नगर सहित दर्जनों गांव के हजारों किसान 4 सितंबर गुरुवार को तहसील मुख्यालय जावर पहुंचेंगे एवं बीमा का पैसा डलवाने के लिए देंगे धरना कई दिनों से जावर नगर सहित दरखेड़ा, तिगरिया ,खजुरिया ,अरनिया गाजी सहित कई गांव के किसान बीमा ना मिलने की वजह से परेशान हो रहे हैं।

परेशान किसानों ने जावर नगर के पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य को इस संबंध में अवगत करवाया तो नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य जावर सहकारी बैंक की संस्था में जा पहुंचे एवं मुख्य प्रबंधक से उक्त संबंध में जानकारी ली प्रबंधक ने जानकारी देते हुए कहा कि 2023 24 का बीमा 2759 किसानों द्वारा 28 लाख 93 हजार रुपए रबी की फसल का एवं 2564 किसानों ने 32 लाख 23683 रुपए 36 पैसे खरीफ फसल का जमा किया था यह 61 लाख 22683 रुपए 36 पैसे बनता है पूर्व नपा अध्यक्ष वेद ने जानकारी लेते हुए प्रबंधक से कहा की लाखों रुपए किसानों का जमा करवाने के बाद एवं किसानों को इतना भारी नुकसान होने के बाद भी किसानों को उनका स्वयं का पैसा ही बीमा कंपनियों द्वारा नहीं दिया जा रहा है यह वादा खिलाफी है वेद ने कहा कि जब किस बैंक जा रहे हैं तो उन्हें कहा जा रहा है कि पटवारी द्वारा सर्वे सही नहीं किया गया एवं जब किस तहसील जा रहे हैं तो उन्हें बताया जा रहा है कि हमने सर्वे कर दिया है कृषि विभाग को ध्यान देना चाहिए किसान कार्यालय के और अधिकारियों के चक्कर लगाकर परेशान हो गए हैं किसानों ने निर्णय लिया है कि 4 सितंबर दिन गुरुवार को हजारों किसान मुख्य बाजार गांधी चौक से पैदल मार्च करते हुए जावर तहसील पहुंचेंगे एवं तहसील के सामने जब तक बैठेंगे जब तक उनका पैसा उनके खातों में नहीं डाल दिया जाता किसानों का तथा जावर के पटेल धीरज सिंह ठाकुर का कहना है कि किसानों को परेशान किया जा रहा है किसान अपनी खेती का कार्य देखें या कार्यलयों के चक्कर लगाता रहे सभी किसान परेशान हो रहे हैं कोई भी किसानों की शुध लेने को तैयार नहीं है हम सभी किसान 4 सितंबर दिन गुरुवार को किसान आंदोलन कर रहे हैं एवं तहसील के सामने बैठेंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से सूरज सिंह प्रजापत ,अज्जू भाई ,जसपाल सिंह ठाकुर ,धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, ठाकुर सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह ठाकुर ,संदीप शर्मा, जितेंद्र प्रजापति सहित भारी संख्या में किसान आंदोलन में हिस्सा लेंगे।

# सिद्धितप के तपस्वियों का वरघोड़ा आज: 14 तपस्वियों के परिजनों ने साध्वी नम्रव्रता श्रीजी ठाणा 3 के सानिध्य में चौबीसी भजन कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शुक्रवार 29 अगस्त को श्री श्वेतांबर जैन समाज द्वारा सिद्धितप के तपस्वियों का वरघोड़ा, बहुमान एवं पारणा के साथ ही मानस भवन परिसर में सामूहिक क्षमापना का कार्यक्रम आयोजित किया है। गुरुवार की दोपहर में सभी 14 तपस्वियों द्वारा चौबीसी का बुलावा श्री महावीर स्वामी मंदिर गंज के उपाश्रय में साध्वी नम्रव्रता श्रीजी मग्नव्रता श्रीजी एवं मीतव्रता श्रीजी के पावन सानिध्य में हुआ। जिसमें शास्वत बहू मंडल ने भक्ति करते हुए नृत्य कर उपस्थित मातृ शक्तियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इंद्र देवता ने बहुमान किया तपस्वियों का साध्वी नम्रव्रता श्रीजी ठाणा 3 की प्रेरणा से नुरांश श्रीश्रीमाल, यश मेहता, पराग धाडीवाल, उमेश श्रीश्रीमाल, कु.नेहल सुराणा, कु. कृतिका वोहरा, सोनम देशलहरा, शैफाली देशलहरा, प्रमिला श्रीश्रीमाल, हीरा ललवानी, साधना वेदमुथा, संगीता सुराणा, सुनीता कटारिया, अरुणा कोचर तपस्वियों ने कठोर तपस्या की। गुरुवार 28 को सभी तपस्वियों ने साध्वी नम्रव्रता श्रीजी आदि के सानिध्य में चौबीसी भजन बुलावा कराया था।उसी दौरान इंद्र देवता ने भी पानी बरसाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के साथ तपस्या करने वालों का सम्मान किया। श्री श्वेतांबर जैन श्रीसंघ, आगमोद्वारक चातुर्मास समिति एवं श्री महावीर स्वामी गंज मंदिर समिति ने समाज जनों से आग्रह किया कि 29 अगस्त को सुबह साढ़े आठ बजे सिद्धितप के तपस्वियों का वरघोड़ा श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर किला से साध्वी नम्रव्रता श्रीजी आदि ठाणा 3 के पावन सानिध्य में निकाला जाएगा उसमें सभी शामिल हो।जो पुरानी सब्जी मंडी से बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार,गंज मंदिर,सुभाष चौक, अदालत चौराहा से श्री सीमंधर जिनदत्त धाम दादावाड़ी होते हुए कॉलोनी चौराहा, गल चौराहा होते हुए मानस भवन पहुंचेगा। तत्पश्चात सभी तपस्वियों का बहुमान कर पारणा कराने के बाद सभी एक - दूसरे से सामूहिक क्षमापना करेंगे।

# जीतू पटवारी के महिला विरोधी बयान पर भाजपा ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बुधवार को आष्टा के कन्नौद रोड स्थित मुकाती पेट्रोल पंप के सामने भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी का पुतला दहन कर विरोध जताया महिलाओं ने जीतू पटवारी के पुतले को चप्पलों से भी पिता और फिर पुतला दहन किया यहां विरोध प्रदर्शन मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं और शराब को लेकर दिए गए विवाद की वजह से हुआ है पुतला दहन के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान विधायक गोपाल इंजीनियर ने पटवारी के बयान को शर्मनाक करार दिया। कहा कि पटवारी को लगता है कि सभी महिलाएं शराब पीती है उन्होंने बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है और कार्रवाई की मांग की। जिला भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष रितु आनंद जैन ने कहा कि इस तरह की अनुचित टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी पटवारी को सार्वजनिक माफी की मांग की। भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया ने कहा कि यह टिप्पणी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है पटवारी पर कार्रवाई होना चाहिए। पुतला दहन और आक्रोश व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ,जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रितु आनंद जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, धनरूपमल जैन, विशाल चौरसिया, मोहित सोनी, माखन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर विधायक दिलवाएंगे फिट इंडिया की शपथ

# तीन दिनों तक खेल गतिविधियों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सांदीपनि सीएमराइज शासकीय उमावि में 29 अगस्त को दोपहर 02 बजे महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जन्मतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएंगा। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा फिट इंडिया की शपथ भी दिलवाई जाएंगी। यह दिन भारत की समृद्ध खेल विरासत और हमारे एथलीटो की उपलब्धियों का जश्न मनाता है, जिन्होंने वैश्विक मंच पर देश को गौरवांवित किया है। इसी दिन वर्ष 2019 में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट प्रारंभ किया गया था। फिट इंडिया मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस, फिटनेस और खेल गतिविधियों का आयोजन 29 अगस्त से 31 अगस्त तक किया जाना है। जिसकी टेग लाईन है हर गली हर मैदान, खेले सारा हिन्दुस्तान। विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन जैसे :- योगा, 100 मीटर रेस, चम्मच दोड़, खो-खो रस्सा कशी, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटीक्स, बोरी दोड़, रस्सी कूद, खेलवार्ता, खेलों पर वाद विवाद प्रतियोगिता, कार्यशालाएं, पिठ्ठू, "रविवार को साईकिल पर" एवं अन्य देशी खेलों की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जीवन सिंह मंडलोई जिला पंचायत उपाध्यक्ष, हेमलता राय सिंह मेवाड़ा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आष्टा, दीक्षा सोनू गुणवान अध्यक्ष जनपद पंचायत आष्टा, अंजनि विशाल चौरसिया मंडल अध्यक्ष नगर भाजपा आष्टा, धारा सिंह पटेल, गजराज सिंह पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत आष्टा, सिद्दीका भूरू खां उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद आष्टा, पार्षद, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।